www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# संजना भारती
आपका भरोसा, हमारी ताकत
RNI No. : DELHIN/2016/70240



2 जी-7 शिखर सम्मेलन कनाडा में भारत की...
3 कमांडेंट 95 सीआरपीएफ बटालियन के जवानों के...
4 डीसी कैथल प्रीति ने किया नेक काम

वर्षः 9 | अंकः 235 | दिल्ली, गुरुवार, 19 जून 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### लाशों के ढेर से मिला ढेर सारा सोना, 80,000 कैश!

**गुजरात (एजेन्सी)।** गुजरात के अहमदाबाद में बीजे मेडिकल कॉलेज के पास विमान दुर्घटना हुई, तो 56 वर्षीय निर्माण व्यवसायी राजू पटेल उन पहले नागरिकों में से थे जिन्होंने इस दुर्घटना में सबसे पहले मदद की। कुछ ही मिनटों की दूरी पर रहने वाले पटेल और उनकी टीम घटना के पाँच मिनट के भीतर दुर्घटनास्थल पर पहुँच गए। उन्हें जो देखने को मिला वह एक भयावह दृश्य था- आग की लपटें, घना धुआँ और मदद के लिए बेताब चीखें। निम्नलिखित मूल्यवान वस्तुएं मिलीं-70 तोले सोने के आभूषण, 80,000 रुपये नकद, चूड़ियाँ और अन्य आभूषण, पासपोर्ट और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज, भगवद गीता की एक प्रति, बरामद की गई सभी सामग्रियों को तुरंत अधिकारियों को सौंप दिया गया।

### जाति जनगणना को जमीयत का समर्थन

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** आगामी जाति-आधारित जनगणना का जोरदार समर्थन करते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने इस अभ्यास को भारत में न्याय, समावेशी शासन और समान संसाधन वितरण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक बताया। मौलाना मदनी ने इस बात पर जोर दिया कि जाति-आधारित जनगणना एक नियमित सरकारी प्रक्रिया से आगे निकल गई है। उन्होंने कहा, "यह अब एक जरूरी सामाजिक और राजनीतिक आवश्यकता है।

# भारतीय नौसेना में शामिल हुआ भारत का पहला एंटी-सबमरीन वॉरफेयर

(एजेन्सी)।

**विशाखापत्तनम।** भारत ने अपनी समुद्री रक्षा क्षमताओं को और मजबूती देते हुए INS अर्नाला को भारतीय नौसेना में शामिल कर लिया है। यह पहला एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट है, जो तटीय क्षेत्रों और उथले समुद्री इलाकों में पनडुब्बी जैसे खतरों से निपटने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

विशाखापत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड में आयोजित एक भव्य समारोह में इस जहाज को नौसेना में शामिल किया गया। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान सहित वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे।

हम आपको बता दें कि INS अर्नाला को 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत विकसित किया गया है। इसमें 80% से अधिक स्वदेशी उपकरण और तकनीक का उपयोग किया गया है, जो रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। हम आपको बता दें कि यह जहाज न केवल भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाता है बल्कि देश की नौसैनिक निर्माण क्षमता और तकनीकी प्रगति का भी प्रमाण है। इसकी प्रमुख



विशेषताओं की बात करें तो आपको बता दें कि इसमें एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट है। इसकी भूमिका की बात करें तो आपको बता दें कि यह तटीय और उथले समुद्री इलाकों में जल के भीतर खतरों की निगरानी और उनका मुकाबला करेगा। साथ ही इसका सबसर्फेस सर्विलांस, खोज एवं बचाव अभियान और कम तीव्रता वाले नौसैनिक मिशन पर उपयोग किया जायेगा।

इसके सामरिक महत्व की बात करें तो आपको बता दें कि INS अर्नाला की कमीशनिंग ऐसे समय में हुई है जब भारत अपनी समुद्री सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रहा है, खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में जहाँ भू-राजनीतिक तनाव लगातार बढ़ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि यह जहाज भारत की समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करेगा और पनडुब्बी गतिविधियों की निगरानी में भी सहायक सिद्ध होगा।

## कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की 82वीं बैठक आयोजित

# कुरुक्षेत्र में चलेंगी इलेक्ट्रिक बस, महाभारत की थीम पर बनेंगे गेट और चौक




**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर पहचान मिले, इसके लिए लगातार सरकार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की 82वीं बैठक राज्यपाल एवं बोर्ड अध्यक्ष बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर उपाध्यक्ष शामिल हुए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल एवं बोर्ड अध्यक्ष बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देशभर में कुरुक्षेत्र की विस्तृत पहचान बने, इसके लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने होंगे। कुरुक्षेत्र का एक बड़ा धार्मिक महत्व है, ऐसे में एक भव्य अध्यात्मिक नगरी के रुप में इसके विस्तार को लेकर हमारी परिकल्पना होनी चाहिए। इसके बोर्ड में देश भर के विद्वान एवं प्रतिष्ठित लोगों को जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि 48 कोस के अंतर्गत आने वाले तीर्थ स्थलों को लेकर साल में कम से कम 48 उत्सव इन गांवों में मनाने चाहिए। इनमें जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ साथ जिन गांवों में ये तीर्थ स्थल है, उनकी सहभागिता भी जोड़ी जाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर पहचान मिले। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाएं कि अगर कोई यहां आएं तो उसे एहसास हो कि वो उस पवित्र धरा पर आया हैं जो महाभारत के इतिहास से जुड़ी है। इसके लिए यहां पर धार्मिक और पर्यटन के नजरिये से हमें पर्यटकों के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं करनी होगीं। बैठक के दौरान बोर्ड के पदाधिकारियों और अधिकारियों के समक्ष कुरुक्षेत्र के विकास के पहलुओं को लेकर चर्चा हुई, जिसमें सफाई व्यवस्था, सरोवर के रख रखाव, नवीनीकरण और ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था करने के साथ साथ मेला एरिया में विकास को लेकर चर्चा हुई है। बैठक में अलग अलग स्थानों पर चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा की गई, साथ ही प्रोजेक्ट्स में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के समग्र विकास को लेकर कई पहलुओं पर चर्चा हुई है। खास तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में चौक और प्रवेश द्वार को चिन्हित करने के निर्देश भी दिए है। इन्हें महाभारत की थीम का रुप दिया जाएगा। ज्योतिसर की तरफ से आने वाले रास्ते पर लगे सुदर्शन चक्र को भी दोबारा बनाया जाएगा। जिसमें लाइटिंग करने के साथ साथ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भी स्थापित होगी। साथ ही बैठक में ब्रहमसरोवर के प्रवेश द्वार के नाम भी तय करने बारे चर्चा हुई। ज्योतिसर तीर्थ परिसर के आस-पास ग्रीनरी की व्यवस्था करने के भी संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए है। इसके अलावा पूरे शहर के पेंटिंग और रेलवे ब्रिज के नजदीक भी श्लोक इत्यादि लिखने बारे भी बैठक में चर्चा हुई है।

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की बैठक में निर्णय हुआ है कि कुरुक्षेत्र में इलेक्ट्रिक बस चलाई जाएंगी। इन बसों को 48 कोस के अंतर्गत आने वाले तीर्थों के साथ कनेक्ट किया जाएगा। बसों के अंदर रुट मैप भी लगाया जाएगा, साथ ही डेलीवेज पास की व्यवस्था भी रहेगी। बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि डेलीवेज पास ना सिर्फ बस में चलेंगे साथ ही कुरुक्षेत्र में बने अलग अलग स्थलों पर भी एंट्री पास के रुप में भी काम आ सकेंगे।

# अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर पुलिस कमिश्नर का किया घेराव

## निष्पक्ष जांच के लिए पुलिस कमिश्नर ने किया एसआईटी का गठन

**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** विगत दिनों पाण्डेयपुर पुलिस चौकी प्रभारी आदित्य सेन सिंह ने चौकी पर अपनी फरियाद लेकर गये अधिवक्ता अरविन्द कुमार वर्मा को लात घुसों से जमकर पीटा था, जिसके विरोध में सोमवार को अधिवक्ताओं ने संयुक्त पुलिस आयुक्त के यहाँ पहुंचकर धरना दिया था। दरोगा को लाईन हाजिर कर अधिवक्ता के तहरीर पर आदित्य सेन सिंह पुलिस उपनिरीक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किये जाने का आदेश दिया।

उपरोक्त आदेश व मुकदमा से खिन्न होकर चौकी प्रभारी आदित्य सेन सिंह द्वारा झूठी कहानी के आधार पर चौकी के अंदर घुसकर सरकारी दस्तावेजों को नष्ट करने,चौकी प्रभारी पर जानलेवा हमला करने, वर्दी फाड़ने व स्टार नोचने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता के विरुद्ध लालपुर पाण्डेयपुर थाना में मंगलवार को मु.अ.सं. 162/25 दर्ज करा दिया।

अधिवक्ता के विरुद्ध चौकी प्रभारी द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज होने की सूचना पर सैकड़ों अधिवक्ता सेन्ट्रल बार एसोसिएशन पहुंचकर हंगामा करने लगे तत्काल साधारण सभा की आवश्यक बैठक मंगलेश दुबे अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहुत किया गया जिसका संचालन



पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए अधिवक्तागण। (छायाः एसबी)



कलेक्ट्रेट डाकघर स्थानांतरण मुद्दे पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से वार्ता करते हुए अधिवक्तागण। (छायाः एसबी)

राजेश कुमार गुप्ता महामंत्री ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया पुलिस आयुक्त का घेराव, कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन, अधिवक्ता के विरुद्ध दर्ज मुकदमा क्वेश किये जाने व कलेक्ट्रेट में स्थित सभी राजस्व न्यायालय में कार्य वहिष्कार का निर्णय लेते हुए अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर पुलिस आयुक्त के यहाँ धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने आकर अधिवक्ताओं के बीच घोषणा किया कि अधिवक्ता के विरुद्ध दर्ज मुकदमा को समाप्त करने के लिए एस.आई.टीम. का गठन किया जा रहा है। रिपोर्ट आने पर बार अध्यक्ष व महामंत्री संग बैठकर सभी पहलूओं से अवगत कराया जायेगा। थानों पर अधिवक्ताओं के साथ भविष्य पुलिसकर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार नहीं किया जायेगा के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया।

पुलिस आयुक्त से निष्पक्ष जांच का आश्वासन मिलने के बाद नारा लगाते हुए अधिवक्तागण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे वहाँ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डाकखाने को यूपी कालेज स्थानांतरित करने का विरोध करने लगे तथा मांगपत्र दिया, जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि कचहरी से डाकखाना अन्यत्र कही नहीं स्थानांतरित किया जायेगा।

धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से मंगलेश दुबे, राजेश गुप्ता, अनुज यादव, शाहनवाज खान, सत्यप्रकाश, आनंद पटेल, रजनीश मिश्रा, नित्यानंद राय, पंकज उपाध्याय, आशीष सिंह, गौतम कुमार झा, अनुप सिंह, रोहित मौर्या, सुधांशु मिश्रा आदि सैकडों अधिवक्ता उपस्थित थे।

# अनिल विज ने 3,000 रुपये का फास्टैग आधारित वार्षिक पास की शुरूआत के निर्णय का किया स्वागत

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा आगामी 15 अगस्त, 2025 से निजी वाहनों के लिए 3,000 रुपये का फास्टैग आधारित वार्षिक पास की शुरूआत के निर्णय का स्वागत किया और कहा कि इस योजना से निजी वाहन मालिकों को काफी लाभ मिलेगा।

श्री अनिल विज मीडिया कर्मियों द्वारा फास्टैग आधारित वार्षिक पास की शुरूआत के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आज एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है और इस निर्णय से निजी वाहन मालिकों को काफी सुविधा मिलेगी, क्योंकि निजी वाहन मालिकों को अपने वाहनों के साथ बार-बार टोल प्लाजा पर खड़ा होना पड़ता था और उनका समय



खराब होने के साथ-साथ गाड़ियों के रुके रहने से होने से पेट्रोल/डीजल भी बर्बाद होता था।

श्री विज ने कहा कि टोल प्लाजाओं पर कई बार लोगों का टोल को लेकर विवाद भी हो जाता था, लेकिन अब इस निर्णय से लोगों को राहत मिलेगी और वित्तीय तौर पर भी जनता को लाभ होगा। श्री विज ने कहा कि वार्षिक पास पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और लागत प्रभावी यात्रा प्रदान करने में मदद करेगा, इसलिए वे इस निर्णय का स्वागत करते हैं।

उल्लेखनीय है कि सरकार 15 अगस्त, 2025 से निजी वाहनों के लिए 3,000 रुपये का फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू करेगी। यह पास सुविधा विशेष रूप से गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों के लिए तैयार की गई है। यह पास एक्टिव होने की तारीख से एक साल या 200 यात्राओं, जो भी पहले होगा, तक के लिए वैध रहेगा। यह देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा को संभव बनाएगा।

गौरतलब है कि वार्षिक पास को सक्रिय करने, नवीनीकरण के लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप और एनएचएआई या सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और सुगम होगी।

# मुंबई के अंधेरी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 23वीं अन्तर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स जीत कूने डो प्रतियोगिता संपन्न

## प्रतियोगिता में 1200 खिलाड़ियों ने अपना दमदार प्रदर्शन किया

**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गत् 15 जून को मुंबई के अंधेरी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 23वीं अन्तर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स जीत कूने डो प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इस चैंपियनशिप में चार देशों भारत, श्रीलंका, भूटान और नेपाल ने भाग लिया। इसमें 1200 खिलाड़ियों ने अपना दमदार प्रदर्शन किया। पहली बार किसी चैंपियनशिप में हर बच्चे को एक बड़ा मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

राकेश कुमार चितौड़ी, आनन्द कुमार गौहर, विजेंद्र गौहर, संजय आर्यन, नितिन गौहर और कुमारी सर्वेश इन सभी को कोचो ने भारत की तरफ से इस चैंपियनशिप का नेतृत्व किया गया।

शिवा चित्तौडी विद्यादीप पब्लिक स्कूल से समर सिंह राणा, छवि पांचाल, सी-1 यमुना विहार से सृष्टि शर्मा और दिव्यांशी बिष्ट, नितेश बंसल, हर्ष मित्तल, आलोक कुंज सेकेंडरी स्कूल गोकुलपुरी इन सभी ने अपना दमदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्राप्त किया और शिवम गौड़ ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

विद्यदीप पब्लिक स्कूल के समर सिंह राणा को बेस्ट फाइटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। जीवन जमुना बिहार की कुमारी दिव्यांशी वशिष्ठ को लड़कियों में बेस्ट फाइटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स जीत कूने डो ग्रैंड मास्टर ऑफ इंडिया राजेंद्र कुमार गिहारा ब्लैक बेल्ट 10वी रेंक द्वारा सभी बच्चों को मेडल ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

दिल्ली लौटने पर पूरी टीम का दिल्लीवासियों और उत्तर प्रदेश इंद्रपुरी की जनता ने फूल मालाओं से स्वागत कर मिठाइयां बांटी और ढोल ताशा के साथ








भव्य स्वागत किया। सभी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

इंद्रापुरी के निगम पार्षद सत्येंद्र बंसल ने आकर सभी बच्चों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया बढ़ाया। उन्होंने सभी बच्चों को गोल्ड मेडल जीतने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी और यह आश्वासन दिया कि मुझसे जो भी प्रयास होगा मैं आप सभी के लिए जरूर करूंगा आप मुझे सेवा का मौका दें। टीम के कोच राकेश कुमार चितौड़ी और टीम मैनेजर विधि चितौड़ी एवं सभी खिलाड़ियों ने जनता एवं निगम पार्षद का बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

### अब 15 दिन में वोटर आईडी कार्ड देगा चुनाव आयोग!

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने 18 जून को एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है, जो मतदाता सूची में किसी भी अपडेट के 15 दिनों के भीतर मतदाता फोटो पहचान पत्र की डिलीवरी सुनिश्चित करती है। यह नए नामांकित मतदाताओं और मौजूदा मतदाताओं दोनों पर लागू होता है जो अपने विवरण अपडेट करते हैं। नई शुरू की गई प्रणाली में ईपीआईसी की वास्तविक समय ट्रैकिंग शामिल है, जो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी द्वारा कार्ड बनाने के क्षण से शुरू होकर डाक विभाग के माध्यम से इसकी डिलीवरी तक होती है।

# नशामुक्ति को लेकर दिल्ली पुलिस, समाज कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग समन्वय बनाकर करें प्रयासः रविन्द्र इंद्राज

## मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस को लेकर होने वाले आयोजनों की समीक्षा की

**संजना भारती/संजय कुमार**

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस को लेकर होने वाले आयोजनों की तैयारियों को लेकर दिल्ली पुलिस एवं समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री इन्द्राज ने बैठक में दिल्ली को नशा मुक्त बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग, पुलिस विभाग और शिक्षा विभाग को समन्वय बनाकर प्रयास करने के लिए कहा।

समाज कल्याण मंत्री ने 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जिलों में होने वाले आयोजनों की प्रगति का विवरण लेते हुए उन्हें और अधिक प्रभावी एवं जन-भागीदारी आधारित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की गरीब और वंचित तबके तक जागरूकता पहुँचाने का हर संभव प्रयास करें। नुक्कड़ नाटकों के मंचन के लिए 64



हॉट स्पॉट का चयन भी इसी आधार पर करें। स्कूल के स्तर पर ही छात्रों को किसी भी परिवार पर नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान के बारे में बताना जरूरी है। युवा वर्ग में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर संवाद और प्रेरक गतिविधियों (जैसे नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रदर्शनी, प्रेरक भाषण आदि) को बढ़ावा दिया जाए। श्री इन्द्राज ने जिला स्तर पर समाज कल्याण विभाग को स्थानीय विधायकों एवं डीएम की मदद से नशा मुक्ति के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि जनसहयोग और मीडिया के सहयोग से नशा मुक्त अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाने में व्यापक प्रयास किए जाएंगे। एफएम चैनलों में जिंगल, रणनीतिक जगहों पर ऑडियो-विजुअल माध्यमों के प्रसारण और सिनेमा घरों में भी जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे। अभियान में एनएसएस और एनसीसी के छात्रों को भी शामिल किया जाएगा।

समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि 'नशा मुक्त, स्वस्थ और सशक्त दिल्ली' हमारा साझा संकल्प है और इसे साकार करने के लिए सरकार के साथ-साथ समाज, शिक्षा संस्थानों और स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नशामुक्ति केवल एक अभियान नहीं बल्कि सामाजिक चेतना का आंदोलन है, जिसमें जन-भागीदारी से ही स्थायी बदलाव लाया जा सकता है।

बैठक में प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग दिलराज कौर, विशेष आयुक्त, दिल्ली पुलिस देवेश चंद्र श्रीवास्तव एवं समाज कल्याण विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## ईरान-इजराइल के बीच बढ़ता तनाव

**ईरान** और इजराइल के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस दौरान सबका ध्यान इस इस्लामी गणराज्य के फोर्डो परमाणु केंद्र की ओर लग गया है जोकि एक पहाड़ के भीतर गहराई में बताया जाता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा माने जाने वाला यह केंद्र विशेष रूप से डिजाइन किया गया है ताकि इसे किसी भी प्रकार के हमलों से बचाया जा सके। बड़े से बड़ा बम और मिसाइल हमला इसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसे नष्ट करने का मतलब है ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता को पूरी तरह खत्म करना। ईरान जहां एक ओर अपने इस केंद्र की सुरक्षा के प्रति आश्वस्त है तो वहीं अमेरिका इस केंद्र को उड़ाने की अपनी ताकत पर पूरा भरोसा है। हम आपको बता दें कि पूरी दुनिया में सिर्फ अमेरिका के पास ऐसा हथियार है जो उस पहाड़ को भेद सकता है। इसे बंकर बस्टर बम कहा जाता है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक बंकर-बस्टर बम को आधिकारिक रूप से मैसिव ऑर्डनेंस पेनिट्रेटर कहा जाता है। हम आपको बता दें कि 30,000 पाउंड के वजन वाला यह बम इंजीनियरिंग की एक अद्भुत उपलब्धि है, जिसे विशेष रूप से गहराई में छिपे और किलेबंद लक्ष्यों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। आमतौर पर इसे बंकर-बस्टर कहा जाता है। इसका विकास तब हुआ जब खुफिया एजेंसियों को यह पता चला कि ईरान और उत्तर कोरिया जैसे विरोधी देश अपनी परमाणु सुविधाओं को हवाई हमलों से बचाने के लिए उसे जमीन के नीचे ले जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि आकार और संरचना के मुताबिक यह बम 20 फीट लंबा और 30,000 पाउंड वजनी होता है। इसमें बड़ा विस्फोटक नहीं बल्कि मजबूत स्टील की परत होती है, जिससे यह जमीन, कंक्रीट और चट्टानों की कई परतों को भेदते हुए लक्ष्य तक पहुँच सकता है और फिर विस्फोट करता है। बताया जाता है कि इसकी भारी मात्रा और आकार के कारण केवल B-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर ही इस बम को ले जा सकता है और गिरा सकता है। हम आपको बता दें कि यह स्टील्थ बॉम्बर दुनिया में सिर्फ अमेरिका के पास है। ईरान से सीधे भिड़ रहे इजराइल को भरोसा है कि यदि जरूरत पड़ने पर अमेरिका अपने इस अचूक हथियार का प्रयोग जरूर करेगा क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने एक रिपोर्ट में कहा था कि फोर्डो में ईरान परमाणु हथियार बनाने की 90% सीमा के बेहद करीब पहुँच गया है। वैसे इजराइल के पास उन्नत लड़ाकू विमान और खुफिया क्षमताएँ हैं जिनका इस्तेमाल वह ईरान को नुकसान पहुँचाने में कर रहा है और आगे और भी कर सकता है लेकिन उसके पास न तो मैसिव ऑर्डनेंस पेनिट्रेटर यानि MOP है और न ही वह विमान है जिससे इसे गिराया जा सके। हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिका ने अब तक यह बम इजराइल को देने से इंकार किया है, क्योंकि इससे क्षेत्रीय युद्ध भड़क सकता है। अमेरिका इस बम को अब तक मात्र एक निवारक हथियार के रूप में इस्तेमाल करता है और ईरान को यह संकेत देता है कि उसकी भूमिगत सुविधाएँ पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। यह भी बताया जा रहा है कि MOP तक पहुँच नहीं होने के कारण, इजराइल ने फोर्डो को अप्रत्यक्ष रूप से निष्क्रिय करने के लिए वैकल्पिक योजनाएँ बनाई हैं। बताया जा रहा है कि इजराइली बल फोर्डो को बिजली देने वाले जनरेटर या ट्रांसमिशन साइट्स को निशाना बना सकते हैं, जिससे इसकी गतिविधियाँ बाधित हो सकती हैं, भले ही मुख्य सुविधा बनी रहे। इसके अलावा, इजराइली कमांडो फोर्डो में घुसपैठ कर उसमें तोड़फोड़ कर सकते हैं। हम आपको बता दें कि यह रणनीति इजराइल पहले भी इस्तेमाल कर चुका है, जैसे सीरिया में हिज्बुल्ला के मिसाइल कारखाने को नष्ट किया गया था। इसके अलावा इजराइल के पास एक और विकल्प है कि फोर्डो का प्रवेश द्वार और सुरंगों को नष्ट कर दिया जाये ताकि इस केंद्र तक पहुँचना असंभव हो जाए। हम आपको बता दें कि फोर्डो, ईरान की दूसरी परमाणु संवर्धन सुविधा केंद्र नतांज से छोटा है और ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 95 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में कोम शहर के पास एक पहाड़ के भीतर स्थित है। इसका निर्माण 2006 में शुरू हुआ था और यह 2009 में चालू हुआ था। उसी साल ईरान ने इसकी मौजूदगी को सार्वजनिक किया था। बताया जाता है कि फोर्डो लगभग 80 मीटर (260 फीट) गहराई में चट्टान और मिट्टी के नीचे बसा हुआ है और इसे ईरान और रूस द्वारा आपूर्ति किए गए सतह से हवा में मार करने वाले मिसाइल सिस्टम से भी सुरक्षा प्राप्त है। हालांकि, हालिया इजराइली हवाई हमलों में इन वायु रक्षा प्रणालियों के प्रभावित होने की संभावना जताई गई है।

## जयंती

### सुदर्शन अग्रवाल

जन्म-19 जून, 1931 ई., लुधियाना पंजाब; मृत्यु-3 जुलाई, 2019, नई दिल्ली) उत्तराखंड और सिक्किम के पूर्व राज्यपाल रह चुके हैं। वर्तमान समय में ये 'जिंदल पुरस्कार' प्रदान करने वाले निर्णायक मंडल में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त हैं। सुदर्शन अग्रवाल के व्यक्तित्व के अनेक गौरवशाली पहलू रहे हैं।

## पुण्यतिथि

### सुभाष मुखोपाध्याय (चिकित्सक)

जन्म-16 जनवरी, 1931; मृत्यु-19 जून, 1981) भारतीय चिकित्सक व वैज्ञानिक थे। वह विश्व के दूसरे तथा भारत के 'प्रथम टेस्ट ट्यूब बेबी' के जनक थे। भारत में पहले टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म 3 अक्तूबर, 1978 को कोलकाता में हुआ था। यह डॉ. सुभाष मुखोपाध्याय का दुर्भाग्य ही था कि इनकी इस सफलता को मान्यता नहीं दी गई। सुभाष मुखोपाध्याय अपनी सफलता को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर नहीं रख पाये। उनके काम पर संदेह व्यक्त किया गया और उन्हें टोक्यो जाने से रोक दिया गया। इन्हीं सब कारणों से आहत होकर डॉ. सुभाष मुखोपाध्याय ने सन 1981 में आत्महत्या कर ली। बाद में उनके कार्य को मान्यता मिली।

## कल मिलेंगे

**मंटू**-पापा क्या मैं भगवान की तरह दिखता हूं?
**पापा**-नहीं , पर तुम ऐसा क्यों पूछ रहे हो बेटा?
**मंटू**-क्योंकि पापा मैं कहीं भी जाता हूं, तो
सब यही कहते हैं हे भगवान फिर आ गया.

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# जी-7 शिखर सम्मेलन कनाडा में भारत की नसीहत के वैश्विक मायने

**अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिज्ञ बताते हैं कि भारत को देखते हुए इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे यूरोपीय संघ के देश भी अब अमेरिका को ज्यादा भाव नहीं देते। इजरायल व जापान भी इसी राह पर है, क्योंकि सबको भारत या चीन के रूप में एक मजबूत विकल्प मिल रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को घायल करने की नीति पर चल रहा है, खासकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद, ताकि चीन भी उससे प्रसन्न रहे**

-कमलेश पांडेय

**जी-7** शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन ग्लोबल साउथ के हिमायती भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद, व्यापार और विकास जैसे अहम वैश्विक मुद्दों पर दुनिया के प्रमुख नेताओं के साथ बातचीत के दौरान जो नसीहत दी, उसके वैश्विक मायने खास हैं और उन्हें समझने-समझाने की भी जरूरत है, ताकि भारत के मतदाताओं में अपने अंतरराष्ट्रीय हितों के प्रति भी जागरूकता पनपे और बढ़े।

बता दें कि कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी-7 आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति को दोहराया और इस वैश्विक खतरे के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि "आतंक समर्थक देशों को इसकी कीमत चुकानी होगी" उनका इशारा अमेरिका, कनाडा, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूरोपीय संघ के उन देशों की तरफ था जो अमेरिकी अगुवाई में लोकतंत्र की बात तो करते हैं, लेकिन आतंकवादी समर्थक देशों को भी वित्तीय मदद देते व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दिलवाते हैं।

यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिना लाग लपेट के दो टूक शब्दों में कहा कि, "वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए। यदि कोई देश आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी।" उन्होंने यहां तक कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कार्रवाई में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। ऐसा कहकर उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की पक्षपाती भूमिका पर भी सवाल खड़े दिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि, "एक ओर हम अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध जल्दी से लगा देते हैं, वहीं दूसरी ओर जो देश खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। यह दोहरी नीति बंद होनी चाहिए।" समझा जाता है कि पीएम मोदी का इशारा पाकिस्तान की तरफ था, जिसे अमेरिका-चीन दोनों का सहयोग व समर्थन हासिल है। यह भारत के लिए चिंता की बात है, क्योंकि वह भारत में आतंकवाद व अन्य खुराफातों को बढ़ावा देता है। भारत को टुकड़े करने के स्वप्न देखता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि, "प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराया और पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की निंदा करने के लिए नेताओं का आभार जताया। उन्होंने आतंकवाद को बढ़ावा देने और समर्थन देने वालों के खिलाफ सख्त वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।" साथ ही पीएम मोदी ने जी-7 मंच से ग्लोबल साउथ के मुद्दे भी उठाए।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इसके जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। प्रधानमंत्री ने जी-7 नेताओं के साथ अपनी बातचीत को ह्लउत्पादकह्व बताया और कहा कि चर्चा वैश्विक चुनौतियों और बेहतर भविष्य की आशाओं पर केंद्रित रही।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान ग्लोबल साउथ की चिंताओं और प्राथमिकताओं पर ध्यान दिए जाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत ग्लोबल साउथ की आवाज को वैश्विक मंच पर पहुंचाना अपनी जिम्मेदारी समझता है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के संदर्भ में किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। हालांकि हैरत की बात तो यह है कि इसमें दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन, चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत और दूसरी सैन्य महाशक्ति रूस को जगह नहीं दी गई है। कोढ़ में खाज यह कि इसमें रूस को पुनः शामिल किए जाने, चीन को भी लाने की जरूरत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंफ ने समझी, लेकिन भारत के विषय में चर्चा तक नहीं की। इससे उनकी पक्षपाती और भितरघाती मनोदशा का पता चलता है। ऐसा इसलिए कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में आशातीत उन्नति की और रूस का भरोसेमंद वैश्विक पार्टनर बना रहा। चूंकि भारत अमेरिकी इशारे पर चीन से नहीं उलझा, इसलिए वह अब अमेरिका के किसी काम का नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिज्ञ बताते हैं कि भारत को देखते हुए इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे यूरोपीय संघ के देश भी अब अमेरिका को ज्यादा भाव नहीं देते। इजरायल व जापान भी इसी राह पर है, क्योंकि सबको भारत या चीन के रूप में एक मजबूत विकल्प मिल रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को घायल करने की नीति पर चल रहा है, खासकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद, ताकि चीन भी उससे प्रसन्न रहे। वहीं, भारत के प्रधानमंत्री मोदी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंफ की परिवर्तित मानसिकता को समझ चुके हैं। इधर, मोदी के कनाडा पहुंचते ही ट्रंफ के वहां से निकल जाने के भी मायने तलाशे जा रहे हैं। यही वजह है कि शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री मोदी ने कई द्विपक्षीय मुलाकातें भी कीं। साथ ही, अमेरिका के आग्रह पर फोन पर ट्रंम्फ से बातचीत करते हुए भारत के मामले में मध्यस्थता करने के उनके सपने को जोर का झटका धीरे से दिया। वहीं, अचानक अमेरिका पहुंचने से इनकार करते हुए उन्हें ही भारत के लिए आमंत्रित कर डाला। वो भी उसी क्वाड की बैठक के लिए, जिसमें भारत की अरूचि जगजाहिर है। इसके अलावा, उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बानीज के साथ मुलाकात की। इन बैठकों में व्यापारिक सहयोग, निवेश बढ़ाने और वैश्विक आर्थिक साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा हुई।

पीएम मोदी ने ठीक ही कहा है कि, उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य, स्वीकार्यता के मूलभूत सिद्धांतों पर आगे बढ़ते हुए भारत ने समावेशी विकास का मार्ग चुना है। जायसवाल ने भी बताया कि मोदी ने अपने संबोधन में एक स्थायी एवं हरित मार्ग के माध्यम से सभी के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और इस उद्देश्य की दिशा में भारत की वैश्विक पहलों जैसे कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के बारे में विस्तार से बताया।

वहीं, मोदी ने ठीक ही कहा कि, एआई (कृत्रिम मेधा) अपने आप में एक ऐसी प्रौद्योगिकी है जिसके लिए बहुत ऊर्जा की आवश्यकता है। अगर प्रौद्योगिकी-संचालित समाज की ऊर्जा आवश्यकताओं को स्थायी रूप से पूरा करने का कोई तरीका है तो वह नवीनीकृत ऊर्जा के माध्यम से ही है। उन्होंने ठीक ही कहा कि पिछली सदी में ऊर्जा के लिए प्रतिस्पर्धा थी लेकिन इस सदी में हमें प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग करना होगा। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि डीप-फेक बड़ी चिंता का विषय है इसलिए एआई की मदद से बनाई गई सामग्री पर स्पष्ट घोषणा अंकित होनी चाहिए कि यह कृत्रिम मेधा की मदद से बनाई गई है। तस्वीर या वीडियो में किसी व्यक्ति के चेहरे या शरीर को डिजिटल रूप से बदलने की प्रौद्योगिकी को डीपफेक कहते हैं। मशीन लर्निंग और एआई से बने ये वीडियो और तस्वीरें असली जैसी नजर आती हैं और कोई भी व्यक्ति इन्हें देखकर धोखा खा सकता है।

खास बात यह है कि भारत और कनाडा के बीच कुछ समय से चले आ रहे राजनयिक तनाव को समाप्त करने की दिशा में भी एक सकारात्मक पहल हुई। दोनों देशों ने नए उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमति जताई, जिससे वीजा, वाणिज्य और अन्य सेवाएं सामान्य हो सकेंगी। इसे जी-7 सम्मेलन में पीएम मोदी की भागीदारी भारत की वैश्विक भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम के रूप में देखी जा रही है, जहां भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख और विकासशील देशों की आवाज को बुलंद किया। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा की अपनी सार्थक यात्रा के बाद क्रोएशिया रवाना हो गए हैं, जो तीन देशों की उनकी यात्रा का तीसरा और अंतिम पड़ाव है।

जाहिर है कि जी-7 शिखर सम्मेलन कनाडा में भारत की नसीहत के वैश्विक मायने स्पष्ट हैं, जिससे अमेरिका व यूरोपीय देशों ने सबक नहीं ली तो वैश्विक मुस्लिम चक्रब्युह में घिरने और पीटने से उन्हें कोई नहीं रोक पाएगा। क्योंकि रूस-चीन-उत्तरी कोरिया इसका ब्लूप्रिंट तैयार कर चुके हैं। भारत की मूक सहमति मिलते ही बज्रपात शुरू हो सकती है। वहीं, अमेरिका की योजना ईरान के बाद भारत को बर्बाद करने की है, क्योंकि उसकी पहलगाम फितरत औंधे मुंह गिरी है। इसलिए इजरायल को आगे कर-के अमेरिका एक नया प्रयोग कर रहा है, जिससे भी मोदी प्रशासन सजग प्रतीत होता है।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# प्रधानमंत्री मोदी की साइप्रस यात्रा ने दिया भारत विरोधी ताकतों को कड़ा संदेश

**साइप्रस ने संयुक्तराष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का पुरजोर समर्थन किया और आतंकवाद के विरुद्ध भारत के साथ मिलकर संयुक्तराष्ट्र की तरफ से घोषित आतंकियों, आतंकी संगठनों और उन्हें पनाह देने वालों, उनके लिए छद्म तरीके से काम करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की भी अपील की है। साइप्रस ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और ऑपरेशन सिंदूर का भी पुरजोर समर्थन किया**

-मृत्युंजय दीक्षित

**ऑपरेशन** सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के प्रथम चरण में साइप्रस पहुंचे। उनकी यह यात्रा रणनीतिक तथा सामरिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण रही। प्रधानमंत्री ने अपनी साइप्रस की इस यात्रा से कई रणनीतिक उद्देश्य पूर्ण किए हैं। इस यात्रा से आपरेशन सिंदूर के समय पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तुर्किए के शासनाध्यक्ष एदोर्गान को कठिनाई होने वाली है। साइप्रस सामरिक, रणनीतिक व कूटनीतिक दृष्टिकोण से भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण देश है। प्रधानमंत्री मोदी से पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने भी साइप्रस का दौरा किया था।

साइप्रस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया। साइप्रस ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारोयिस से सम्मानित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि यह 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। यह हमारे देश के सांस्कृतिक भाईचारे व वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा का सम्मान है। इसके साथ ही पीएम मोदी को सम्मानित करने वाले देशों की संख्या 22 हो गई है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि साइप्रस के विजन -2035 और विकसित भारत के विजन-2047 के कई पहलुओं से समानता है। हम साथ मिलकर भविष्य को आकर देंगे। 23 वर्षों के बाद भारतीय प्रधानमंत्री की इस महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य रक्षा, वित्त, व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई।

साइप्रस ने संयुक्तराष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का पुरजोर समर्थन किया और आतंकवाद के विरुद्ध भारत के साथ मिलकर संयुक्तराष्ट्र की तरफ से घोषित आतंकियों, आतंकी संगठनों और उन्हें पनाह देने वालों, उनके लिए छद्म तरीके से काम करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की भी अपील की है। साइप्रस ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और ऑपरेशन सिंदूर का भी पुरजोर समर्थन किया। प्रधानमंत्री मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस ने तुर्किए के कब्जे वाले साइप्रस के भूभाग के पास वाले क्षेत्र का भ्रमण किया और तुर्किए को संदेश देते हुए कहा कि भारत साइप्रस गणराज्य की स्वतंत्रता, संप्रभुता, भौगोलिक अखंडता और एकता को अटल व सतत समर्थन देता रहेगा। इसके लिए वह किसी एक पक्ष की तरफ से मनमाने तरीके से कदम उठाए जाने पर रोक लगाने व सार्थक वार्ता का वातावरण बनाए जाने का समर्थन करता है।

तुर्किए ने 1974 से साइप्रस के लगभग एक तिहाई हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है। तुर्किए कश्मीर मुद्दे पर बार- बार पाकिस्तान के पक्ष में बयानबाजी करता है,ऑपरेशन सिंदूर के समय उसने पाकिस्तान को बचाने के लिए अपना युद्धपोत भेजा, भारत पर हमला करने के लिए ड्रोन दिये उसको दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वाभाविक रूप से स्पष्ट संदेश दिया कि अब भारत साइप्रस की संप्रभुता का पूर्ण समर्थन कर रहा है।

साइप्रस और भारत एक दूसरे के परिस्थितिगत साथी हैं। साइप्रस तुर्किए से उलझा हुआ देश है। भारत -साइप्रस के मजबूत होते संबंधों को तुर्किए के खिलाफ कूटनीतिक बैलेंस के तौर पर देखा जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार की संभावनाओं के लिए भी यह महत्वपूर्ण है। साइप्रस का रुख सदा से भारत के समर्थन में रहा है। साइप्रस को भूमध्य सागर और यूरोप में प्रवेश का गेटवे कहा जाता है। यह सीरिया और तुर्किए के करीब है। भौगोलिक रूप से एशिया में होने के बावजूद इसे यूरोपीय संघ के सदस्य के रूप में दर्जा मिला हुआ है । यही वजह है कि यूरोप के साथ संपर्क बनाने में भारत के लिए यह सामरिक रूप से महत्वपूर्ण है। साइप्रस भारत के लिए व्यापार, निवेश और रणनीतिक संवाद पर के लिए भी अहम है। यू रोपियन यूनियन के साथ मुक्त व्यापार संधि के लिए साइप्रस एक महत्वपूर्ण भागीदार व सहायक हो सकता है। साइप्रस भारत के लिए निवेश के हब रहा है। आर्थिक और कानूनी रूप से सुरक्षित निवेश हब के तौर पर यह भारत के लिए सदा से ही लाभदायक रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी इस यात्रा के दौरान व्यवसायियों को एनर्जी टेक्नोलॉजी और डिजिटल सेक्टर में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा का उद्देश्य साइप्रस को रणनीतिक आर्थिक गलियारे में और अधिक मजबूती से जोड़ना है। इसके साथ ही यूरोपीय संघ के सदस्य रूप में साइप्रस ब्लॉक में भारत के हितों का समर्थन करने में अहम भूमिका निभा सकता है। साइप्रस भूमध्य सागर में है जहां गैस तेल संसाधन की अपार संभावनाएं हैं ।साइप्रस की मिडिल ईस्ट और यूरोप के बीच एक स्थिर सहयोग दे सकता हैं। अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने में भारत की रुचि साइप्रस को ऊर्जा साझेदारी के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बनाती है।

इस यात्रा के दौरान जब प्रधानमंत्री मोदी निकोसिया में संघर्ष विराम रेखा के पास एक ऐतिहासिक स्थल पर पहुंचे तो निकोसिया म्यूनिसिपल काउंसिल के एक सदस्य मिछेला किथेरियोटी मालपा ने सम्मान स्वरूप प्रधानमंत्री मोदी के पैर छू लिए। इससे पता चलता है कि पूरे विश्व में भारत व प्रधानमंत्री मोदी का कितना सम्मान है।

-(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# खामेनेई के संबोधन के तुरंत बाद इजरायल ने लवीजान पर दनादन दाग दी मिसाइल

(एजेन्सी)।

**इजरायल।** ईरान और इजरायल के बीच युद्ध के छठे दिन तेहरान में कई शक्तिशाली विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। ईरानी राजधानी के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी इलाकों में कम से कम पांच धुएँ के गुबार देखे गए, स्थानीय समयानुसार दोपहर 3:50 बजे विस्फोट होने की सूचना मिली। इजरायली सेना ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह तेहरान में सैन्य ठिकानों पर हमला कर रही थी। एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए कहा गया कि आईडीएफ वर्तमान में तेहरान में ईरानी शासन के सैन्य ठिकानों पर हमले कर रही है। यह ताजा हमला ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग को खारिज करने के कुछ घंटों बाद हुआ।

13 जून के बाद पहली बार टेलीविजन पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए 86 वर्षीय राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिकियों को यह पता होना चाहिए कि किसी भी अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप से निस्संदेह अपूरणीय क्षति होगी। खामेनेई ने इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका पर हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि अगर उनके देश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की गई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। यह घोषणा करते हुए कि ईरान दबाव में आत्मसमर्पण नहीं करेगा, खामेनेई ने इजराइल पर अपने हालिया कार्यों में गंभीर गलती करने का आरोप लगाया और कसम खाई कि तेल अवीव को उसके आक्रमण के लिए दंडित किया जाएगा। इजराइल ने बहुत बड़ी गलती की है, और उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। हम इसके शासकों पर कोई दया नहीं दिखाएंगे।

खामेनेई ने घोषणा की कि ईरान अपने क्षेत्र के खिलाफ किसी भी आक्रमण का कड़ा जवाब देगा, उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के सशस्त्र बल हाई अलर्ट पर हैं। उन्होंने कसम खाई कि ईरान जायोनी शासन द्वारा अपने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन और अपने शहीदों के रक्तपात को न तो माफ करेगा और न ही भूलेगा। लाइव टीवी संबोधन के कुछ ही मिनट बाद इजरायली लड़ाकू विमानों ने तेहरान के लवीजान इलाके पर हवाई हमला किया। लवीजान को खामेनेई का संभावित गुप्त ठिकाना माना जाता रहा है। इस हमले के समय को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अटकलें तेज हो गई हैं कि कहीं खामेनेई खुद इस हमले का निशाना तो नहीं थे।

# ओला ने खत्म किया ड्राइवरों से लेने वाला कमीशन शुल्क

(एजेन्सी)।

**भाविश** अग्रवाल द्वारा स्थापित राइड-हाइलिंग कंपनी ओला ने बड़ा फैसला कर पूरे भारत को हैरान कर दिया है। अब ओला पूरे भारत में शून्य-कमीशन मॉडल लागू कर चुकी है। इस मॉडल के तहत ड्राइवर-भागीदारों को ग्राहकों से पूरा किराया लेने की अनुमति दी गई है। इसमें राइड या आय की कोई सीमा तय नहीं की गई है। यानी अब राइडर जो भी राइड लेगा उसमें उसे कोई कमीशन नहीं देना होगा। इस पहल से ऑटो-रिक्शा, बाइक और टैक्सी जैसी सभी वाहन श्रेणियों के 1 मिलियन से अधिक चालक-भागीदारों को लाभ मिलेगा।

पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने देशभर में यह पहल शुरू की है, जिससे ऑटो, बाइक और कैब के ड्राइवरों को अपनी योजना चुनने और अपनी कमाई का 100% हिस्सा रखने की अनुमति मिलती है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसमें कोई कमीशन या कमाई की सीमा नहीं होगी, बल्कि ड्राइवर भागीदारों को अप्रतिबंधित आय के अवसर मिलेंगे।

पूरे भारत में शून्य प्रतिशत कमीशन मॉडल का शुभारंभ राइड-हेलिंग व्यवसायों में एक मौलिक बदलाव का प्रतीक है। पीटीआई के अनुसार कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, "कमीशन हटाने से ड्राइवर साझेदारों को अधिक स्वामित्व और अवसर प्राप्त होंगे।" ड्राइवरों की भूमिका पर जोर देते हुए प्रवक्ता ने कहा, "उन्हें अपनी कमाई पर पूर्ण नियंत्रण देने से देश भर में अधिक लचीला और टिकाऊ राइड-हेलिंग नेटवर्क बनाने में मदद मिलेगी।" ओला ने इस योजना को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया, शुरूआत में ओला ऑटो, उसके बाद ओला बाइक और अंत में ओला कैब्स के साथ। कंपनी का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य ग्राहकों पर अतिरिक्त लागत लगाए बिना ड्राइवरों की आर्थिक स्वतंत्रता और भविष्य की सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड दूत बनीं कंगना रनौत

(एजेन्सी)।

**अभिनेत्री** सह राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया।

फैशन और क्वीन जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली 39 वर्षीय कंगना वर्तमान लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं।

कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है-यह साहस के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है।

पीसीआई के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेंद्र झझारिया ने कहा, भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है। झझारिया दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी भी हैं। यह प्रमुख प्रतियोगिता 26 सितंबर से पांच अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी और इसमें 100 से अधिक देशों के एथलीट भाग लेंगे।

# परेश रावल ने बाबू भैया के किरदार को बताया 'गले का फंदा'!

(एजेन्सी)।

**हेरा** फेरी 3 से परेश रावल का अचानक बाहर होना इस फ्रैंचाइज के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी निराशा रही है। प्रशंसक चाहते हैं कि वे बाबूराव की अपनी भूमिका को फिर से निभाएं, लेकिन परेश रावल ने द लल्लनटॉप से पहले की बातचीत में अपने किरदार को "गले का फंदा" तक कह दिया था। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कन्नप्पा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। उन्होंने चल रहे विवाद पर कुछ नई जानकारियां साझा कीं। उन्होंने सभी को भरोसा दिलाया कि उन्हें विश्वास है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। परेश रावल का किरदार बाबूराव, जो हेरा फेरी फिल्मों में राजू (अक्षय कुमार) और श्याम (सुनील शेट्टी) के बीच एक पुल की भूमिका निभाता है, प्रशंसकों को बहुत ज्याादा पसंद आया था।

अक्षय कुमार ने प्रशंसकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। अभिनेता ने फिल्म के भविष्य के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चीजें ठीक हो जाएंगी। पिंकविला के साथ एक साक्षात्कार में, अक्षय ने कहा, "जो कुछ भी हो रहा है वह आपके सामने हो रहा है। मैं अपनी उंगलियां क्रॉस कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा।" उन्होंने आगे कहा, "सब कुछ ठीक ही होगा। मुझे पक्का पता है।"

रावल के फिल्म छोड़ने के फैसले से प्रशंसकों और उनके सह-कलाकारों दोनों को झटका लगा। अभिनेता ने पहले एक्स पर घोषणा की थी कि वह 'हेरा फेरी 3' से दूर जा रहे हैं, लेकिन स्पष्ट किया कि निर्देशक प्रियदर्शन के साथ कोई रचनात्मक मतभेद नहीं थे। मिड-डे से बात करते हुए उन्होंने कहा, "मैं प्रियदर्शन से प्यार करता हूं और एक निर्देशक के तौर पर उन पर बहुत सम्मान और भरोसा करता हूं... मेरे दर्शकों के प्यार और सम्मान के आगे कोई भी रकम नहीं टिक सकती। अभी, मुझे लगा कि यह एक ऐसा रोल है जिसे मैं नहीं करना चाहता, बस इतना ही।" उनके बाहर निकलने के बाद, रिपोर्ट्स सामने आईं कि अक्षय कुमार के प्रोडक्शन बैनर ने रावल को कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें 25 करोड़ रुपये के हजार्ने का दावा किया गया है।

कुमार के बैनर का प्रतिनिधित्व करने वाली परिनम लॉ एसोसिएट्स की संयुक्त प्रबंध भागीदार पूजा तिड़के ने पीटीआई से कहा, "कलाकारों, क्रू, वरिष्ठ अभिनेताओं, लॉजिस्टिक्स, उपकरणों और ट्रेलर की शूटिंग पर खर्च किए गए हैं।" कानूनी नोटिस का जवाब देते हुए, रावल ने 25 मई को ट्वीट किया, "मेरे वकील, अमीत नाइक ने मेरी बर्खास्तगी और बाहर निकलने के बारे में उचित जवाब भेजा है। एक बार जब वे मेरा जवाब पढ़ लेंगे, तो सभी मुद्दे शांत हो जाएंगे।"

इस बीच, अक्षय कुमार पौराणिक फंतासी 'कन्नप्पा' के साथ अपनी तेलुगु फिल्म की शुरूआत करने के लिए तैयार हैं, जिसमें वह भगवान शिव की भूमिका निभा रहे हैं। विष्णु मांचू की मुख्य भूमिका वाली तथा मोहनलाल और प्रभास की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म 27 जून 2025 को रिलीज होगी।

# प्रीमियर लीग का फुल शेड्यूल जारी, जानें मैच, तारीख, वेन्यू और समय की पूरी जानकारी

**(एजेन्सी)।** बुधवार को आगामी 2025-26 सीजन के लिए प्रीमियर लीग कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गई। आगामी 15 अगस्त से इन कार्यक्रमों का आगाज होगा। जहां डिफेंडिंग चैंपियन लिवरपूल अपने पहले मैच में एनफील्ड में बोर्नमाउथ से भिड़ेगा। वहीं इस बीच, मैनचेस्टर यूनाइटेड को ओल्ड ट्रैफर्ड में आर्सेनल के खिलाफ खेलना होगा। यूनाइटेड के मैनचेस्टर चचेरे भाई, सिटी, मोलिनक्स स्टेडियम में वॉल्व्स के साथ भिड़ेंगे। सुंदरलैंड आठ साल बाद प्रीमियर लीग में वापस आ गया है। शेफील्ड यूनाइटेड के खिलाफ प्ले-ऑफ जीतने के बाद, अब वह स्टेडियम ऑफ लाइट में शीर्ष स्तर की कार्रवाई का आनंद लेना चाहेगा।

वहीं बोर्नमाउथ के खिलाफ शुरूआत के बाद, लिवरपूल के खिताब की रक्षा का परीक्षण शुरू में ही हो जाएगा, दूसरे सप्ताह में न्यूकैसल की एक चुनौतीपूर्ण यात्रा के बाद आर्सेनल के खिलाफ एक ब्लॉकबस्टर घरेलू मुकाबला होगा। आर्सेनल के लिए, शुरूआत और भी ज्यादा कठिन है-उन्हें अपने पहले छह मैचों में मैनचेस्टर यूनाइटेड, लिवरपूल, मैनचेस्टर सिटी और न्यूकैसल का सामना करना पड़ेगा। गनर्स, जो लगातार तीसरे सीजन में उपविजेता रहे, को पहले दिन से ही अपने सबसे तेज प्रदर्शन की जरूरत होगी। पेप गार्डियोला के नेतृत्व में अपने सातवें लीग खिताब की तलाश में मैनचेस्टर सिटी 16 अगस्त को वॉल्व्स के खिलाफ अपने पहले मैच की शुरूआत करेगी।

# कमांडेंट 95 सीआरपीएफ बटालियन के जवानों के साथ गोवर्धन पूजा समिति पदाधिकारीयों ने नमो घाट पर किया योगाभ्यास

**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** आरएस बालापुरकर कमांडेंट 95 बटालियन वाहिनी के जवानों एवं काशी वासी के लिए संदेश करें योग रहे निरोग,योग और आयुर्वेद हमारी पौराणिक धरोहर है हम जितना इसके संपर्क में रहेंगे उतना ही हमारे परिवार समाज के लिए हितकर होगा और हम शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे इसलिए हम सभी को अपने स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने के लिए रोज कम से कम एक घंटा योगाभ्यास और वॉकिंग करना चाहिए।




बुधवार को सुबह नमो घाट पर 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के चौथे दिन इस वर्ष के थीम एक पृथ्वी एक स्वस्थ के लिए योग के उद्देश्य से गोवर्धन पूजा समिति एवं नमो गोवर्धन मॉर्निंग टीम के सदस्यों के साथ 95 वहिनी सीआरपीएफ के जवानों के साथ एवं करीब 400 से ज्यादा लोगों ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा योग प्रोटोकॉल के तहत बारिश में ही योग किया योग के माध्यम से आम जनमानस तक संदेश देना था लोग योग से जुड़े और स्वस्थ रहे कार्यक्रम के दौरान योगाचार्य अभय स्वाभिमानी तथा सुशील गुप्ता द्वारा लोगों को भ्रामरी अनुलोम विलोम का फायदा लोगों को बताया गया इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व स्तर पर योग दिवस मनाया जाता है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में गोवर्धन पूजा समिति के उपाध्यक्ष दिनेश यादव गप्पू महामंत्री पारस यादव पप्पू द्वारा कमांडेंट 95 बीएन सीआरपीएफ से आर.एस. बालापुरकर, द्वितीय कमान अधिकारी राजेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी आलोक कुमार, प्रदीप सिंह शेखावत उप कमांडेड, नवनीत कुमार उप कमांडेंट, सहायक कमांडेंट, पंकज कुमार सहायक कमांडेंट शिवमोहन दीक्षित, निरीक्षक प्रिंस सिंह एस एम परमेंद्र प्रसाद और प्रवीण सिंह एवं बटालियन के सभी जवान सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी आलोक कुमार, उप कमांडेंट नवनीत कुमार, योग गुरु सुशील गुप्ता को केसरिया अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया गया और 95 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट आर, एस बाला पुरकर द्वारा गोवर्धन पूजा समिति के अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं योगाचार्य को स्मृति चिन्ह देकर अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया गया वहां पर उपस्थित सभी योग साधकों को 95 बटालियन सीआरपीएफ की तरफ से योगा टी-शर्ट भी सप्रेम भेंट किया गया कार्यक्रम के अंत में श्रीमान आर एस बाला पुरकर द्वारा धन्यवाद किया गया। योग कार्यक्रम में इस भीषण गर्मी को देखते हुए NGO माई एंथम फाउंडेशन स्वस्थ बनारस के अनुराग द्विवेदी द्वारा सभी के लिए ठंडा पानी और बिस्कुट की व्यवस्था की गई थी और आज के योग में 95 बटालियन श्रीमती अर्चना बालापुरकर भार्या कमांडेंट 95 बटालियन आर बालापुरकर, सुनीता देवी भार्या द्वितीय कमान अधिकारी राजेश कुमार सिंह एवं वाहिनी के अधिकारी तथा जवानों के साथ ही सीताराम यादव रमेश गुप्ता विनोद यादव संतलाल मौर्य राजकुमार यादव महिलाओं में दिपमाला, रितु केसरी, कंचन अग्रहरि, तपस्या, पल्लवी यादव, आरती केसरी सहित काफी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# राज्य में अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर, आम जनता भय के साए में जीने को मजबूरः रणदीप सिंह सुरजेवाला

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**हरियाणा।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कानून-व्यवस्था को लेकर हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है और आम जनता भय के साए में जीने को मजबूर है।

सुरजेवाला ने हरियाणा की छवि को लेकर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि आज राज्य एक ऐसे क्षेत्र के रूप में जाना जा रहा है, जहां अपराध, माफिया राज, गुंडागर्दी, गैंगस्टरों का बोलबाला, लचर पुलिस व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता ने आम लोगों के जीवन को खौफ से भर दिया है। ऐसे में सरकार को तत्काल प्रभाव से कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनकी सरकार इस मामले में पूरी तरह विफल साबित हुई है।



एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित राज्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में संगठित अपराध और अराजकता का केंद्र बन गया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या हरियाणा की जनता को सुरक्षित माहौल देना सरकार की प्राथमिकता नहीं है? उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बीजेपी का काम, अपराधी सरेआम! हरियाणा में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। शायद ही कोई दिन गुजरता हो, जब कोई बड़ी आपराधिक घटना नहीं घटती।

आज हरियाणा की छवि एक ऐसे राज्य की बन गई है, जहां अपराध, माफिया राज, गुंडे, बदमाश, गैंगस्टर्स, लचर पुलिस व्यवस्था, प्रशासनिक उदासीनता और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण आम लोगों का जीवन अब खौफ के साए में है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की कानून-व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो गई है। दिनदहाड़े हत्या, सरेआम रंगदारी, धमकी के साथ भाजपा के शासन में माफिया राज कर रहे हैं। गैंगस्टरों के हाथों में हरियाणा की सुरक्षा आज खतरे में है, यहां तक की जेल आज गैंगस्टर के ऑफिस बन गए हैं।

हरियाणा में अपराध हाईटेक हो गया है। विदेश में बैठे गैंगस्टर के इशारे पर गुर्गे अपराध को अंजाम दे रहे हैं, सोशल मीडिया के जरिए खौफ फैलाने की साजिश, फिरौती और वसूली सैनी सरकार में सबसे बड़ा धंधा बन गया है।

# मुखिया हत्याकांड : कोर्ट ने दो और आरोपियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**एसबी संवाददाता**

**जमुई।** लछुआड़ थाना अंतर्गत दरखा पंचायत के नवनियुक्त मुखिया जयप्रकाश माहतों की हत्या मामले में कोर्ट ने बुधवार को दो और आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

ए. डीजे. फर्स्ट सत्य शिव हरे की अदालत ने मामले में दोषी पाए गए मोहम्मद सिकंदर और नंदलाल तांती को 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। मामले की जानकारी देते हुए केस के अधिवक्ता परिमल सिंह ने बताया कि यह हत्याकांड लछुआड़ थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में घटित हुआ था।

3 दिसंबर 2021 को दिनदहाड़े दरखा पंचायत के नवनियुक्त मुखिया जयप्रकाश माहतों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में लछुआड़ थाना में कांड संख्या 02/21 दर्ज की गई थी, जिसमें कुल छह लोगों को अभियुक्त बनाया गया था। इसी हत्याकांड मामले में 23 दिसंबर 2023 को ए. डीजे. फर्स्ट



धीरेन्द्र बहादुर सिंह की अदालत ने इसी मामले में दो अन्य आरोपियों मे मोहम्मद शालिक मलिक और मोहम्मद जावेद को दोषी करार देते हुए उन्हें भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। उन्हें भी 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया था।

अब तक इसी हत्याकांड में कुल चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा मिल चुकी है। शेष दो आरोपियों के मामले में सुनवाई अभी जारी है।

# हरियाणा के भूमि प्रशासन सुधारों की हुई सराहना

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** भूमि संसाधन विभाग के केंद्रीय सचिव मनोज जोशी ने भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण में हरियाणा की प्रगतिशील पहलों की प्रशंसा की और संकेत दिया कि राज्य को इन प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए परियोजना-विशिष्ट वित्तपोषण प्राप्त हो सकता है। जिससे हरसैक द्वारा शुरू की गई "ततिमा अपडेशन प्रोजेक्ट" जैसी पहलों को महत्वपूर्ण रूप से मजबूती मिलने की उम्मीद है, जो भूमि पार्सल के विस्तृत स्केचिंग और मानचित्रण पर केंद्रित है यह पारदर्शी और सटीक भूमि रिकॉर्ड प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय सचिव "डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम", नक्शा, पंजीकरण महानिरीक्षक प्रणाली और पूंजी प्रोत्साहन योजनाओं सहित प्रमुख कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए आज चंडीगढ़ में थे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बैठक में बोलते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि हरियाणा सरकार भूमि प्रशासन को बदलने में उल्लेखनीय प्रगति कर रही है। हरियाणा लार्ज स्केल मैपिंग प्रोजेक्ट और मॉडर्न रेवेन्यू रिकॉर्ड रूम प्रोजेक्ट जैसी महत्वाकांक्षी पहलों के माध्यम से, राज्य का लक्ष्य प्राकृतिक और मानव निर्मित दोनों तरह के व्यवधानों से आवश्यक भूमि डेटा की सुरक्षा करना है। इन सुधारों से ग्रामीण और शहरी भूमि प्रबंधन प्रणालियों में अभूतपूर्व स्पष्टता, पारदर्शिता और दक्षता आने की उम्मीद है।

# अपराध निरोधक कमेटी की बिल्सी थाना कमेटी का चुनाव आज

## डॉ नेत्रपाल सिंह शैलानी चुनाव अधिकारी नामित

**संजना भारती संवाददाता**

**बदायूं।** जिला अपराध निरोधक कमेटी के ज़िला प्रभारी मोहम्मद शमसुद्दीन शम्स के नेतृत्व में संस्था का जनपद में तेजी से विस्तार किया जा रहा है। जनपद में थाना कमेटियां गठित की जा रही है। इसी क्रम में बिल्सी थाना कमेटी के लिए कार्यकारिणी का चुनाव 19 जून, गुरुवार को महेश बाल बिद्या इंटर कॉलेज बिल्सी सुबह 10 बजे कार्यक्रम किया जाएगा। जिसके लिए डॉ नेत्रपाल सिंह शैलानी को चुनाव अधिकारी नामित किया गया है। शैलानी की देखरेख में चुनाव संपन्न कराया जाएगा। उनके सहायक के रूप में लोकेश वार्ष्णेय भी मौजूद रहेंगे। ये जानकारी मीडिया प्रभारी इंतजार हुसैन ने दी।



# फतेहाबाद जिले में नशे के विरूद्ध और ज्यादा गंभीर प्रयासों की जरूरतः सांसद कुमारी शैलजा

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**हरियाणा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हमारे पड़ोसी राज्य में नशे की समस्या हरियाणा से भी ज्यादा है फतेहाबाद जिले की सीमाए पंजाब के साथ लगती है। ऐसे में फतेहाबाद जिले में नशे के विरूद्ध और ज्यादा गंभीर प्रयासों की जरूरत है।



■ **बैठक में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, विधायक परमवीर, जरनैल सिंह और बलवान सिंह दौलतपुरिया थे मौजूद**

कुमारी शैलजा लघु सचिवालय स्थित जिला परिषद हाल में जिला विकास, समन्वय एंव निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रही थी। बैठक में राज्ससभा सांसद सुभाष बराला, टोहाना से विधायक परमवीर सिंह, रतिया से विधायक जरनैल सिंह, फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, फतेहाबाद की जिला उपायुक्त मनदीप कौर, पुलिस अधीक्षक सिंद्धात जैन, एडीसी अनुराग ढालिया, डीएमसी संजय बिश्नोई,जयपाल सिंह लाली, अरविंद शर्मा, लाल बहादुर खोवाल, राजेश चाडीवाल सहित फतेहाबाद जिले के आला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कांग्रेस नेता अरविंद शर्मा व जयपाल सिंह लाली भी मौजूद थे। बैठक में भाग लेने पहुंची सांसद कुमारी सैलजा का लघु सचिवालय पहुंचने पर उपायुक्त मनदीप कौर ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया तो वहीं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला का स्वागत डीएमसी संजय बिश्नोई ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद कुमारी सैलजा ने फतेहाबाद जिले के क्राइम व नशे की गंभीर समस्या बने पुलिस अधीक्षक सिंद्धात जैन से पूछा कि आप जानकारी दे कि पुलिस नशे के विरूद्ध क्या अभियान चला रही है। अपराधों के नियन्त्रण के लिए क्या प्रस-ास हो रहे है। पुलिस अधीक्षक सिंद्धात जैन ने कहा जिला फतेहाबाद पुलिस नशे को लेकर हाई अलर्ट पर है। नशा तस्करों का नेटवर्क तोड़ने की पुरी कोशिश की जा रही है। जिले में अपराध ना हो इस बात के पुलिस पूरे प्रयास कर रही है। अपराध घटित हो जाने के बाद पुलिस अपराधियों को पकड़ने पर पुरी तरह से कामयाब हो रही है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हमारे पड़ोसी राज्य में नशे की समस्या हरियाणा से भी ज्यादा है फतेहाबाद जिले की सीमाए पंजाब के साथ लगती है। पुलिस को और ज्यादा प्रयास करने होंगे।

सासंद कुमारी सैलजा ने बैठक में फतेहाबाद जिले की स्वास्थय सेवाओं को लेकर भी जानकारी मांगी। बैठक में मौजूद डिप्टी सिविल सर्जन डेंटल सर्जन डा. शरद तुली ने बताया कि फतेहाबाद जिले में सरकार ने 83 चिकित्सकों के पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किए थे जिनमें 15 ने ज्वाईन कर लिया है। टोहाना के विधायक परमवीर सिंह ने बैठक में कहा कि टोहाना में थोड़ी सी बरसात होते ही शहर में पानी खड़ा हो जाता है। शहर टोहाना के ड्रैनेज सिस्टम को और ज्यादा मजबूत किया जाए। बैठक में सांसद कुमारी सैलजा ने फतेहाबाद जिले में गंभीर रूप धारण किए हुए सेम की समस्या के समाधान के लिए निर्देश अधिकारियों को दिए।

कुमारी सैलजा हिसार-फतेहाबाद-सिरसा रेलवे लाइन बारे पूछा कि अब इस मामले में क्या अपडेट है। इस पर बैठक में सांसद कुमारी सैलजा को बताया गया कि इस मामले में जिला प्रशासन के पास कोई सूचना नहीं है।

# शिव छात्रावास सरोली के छात्र खुशीराज चौधरी ने नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए जीता ब्रॉन्ज मेडल

**संजना भारती संवाददाता**

**दूनी/टोंक।** तहसील मुख्यालय के शिव छात्रावास, सरोली के कृषि संकाय कक्षा 11 के छात्र खुशीराज चौधरी ने नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुवे ब्रॉन्ज मेडल जीता है। संस्था के मेनेजेर राजेंद्र शर्मा ने जानकारी दी की उत्तराखंड में चल रही नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप 7 से 17 जून तक में थांवला निवासी खुशीराज चौधरी ने ओर पूरी राजस्थान की टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता एवं हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सेकेट्री व आइस हॉकी कैनेडा कोच और उत्तराखंड सरकार ने पूरी राजस्थान की टीम को सम्मानित किया। इस सम्मान से छात्र खुशीराज चौधरी ने अपने राज्य, गांव, स्कूल और शिव छात्रावास का नाम रोशन किया, जिससे गाँव व विद्यालय परिवार में खुशी का माहोल है। निदेशक शिवजीलाल चौधरी ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते रहे अथक परिश्रम द्वारा ही मंजिलों को हासिल किया जा सकता है।




इस मौके पर प्रबंध निदेशक पवन माहेश्वरी, मेनेजेर राजेंद्र शर्मा, होस्टल प्रभारी हरिसिंह मीणा, जोरावर सिंह, प्रधानाचार्य घासी लाल बलाई, प्रधानाध्यापक भंवर लाल गुर्जर, प्राचार्य गोविन्द शर्मा, विजय सिंह मीणा, धीरज पराशर, रमेश शेरवाल, अशोक जैन आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर महिलाएं भी कर रही हैं सघन जनसंपर्क एवं निमंत्रण पत्र वितरण

**संजना भारती संवाददाता**

**सिवान।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनी गुप्ता प्रतिदिन सुबह शाम डोर टु डोर जाकर महिलाओं को निमंत्रण पत्र दे रही हैं और उपस्थित महिलाओं को बता रहीं हैं कि जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हुए हैं जब से महिलाओं का मान सम्मान में वृद्धि हुआ है। उनका नारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से बेटियां लगातार शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है शौचालय, आवास एवं आवास योजना जैसे बुनियादी सुविधा देकर महिलाओं को सम्मान से जीने का अधिकार दिया है। अधिवक्ता महिला मोर्चा की प्रवक्ता प्रेम पालंक सिन्हा पूर्व नगर पार्षद आरती गुप्ता सुषमा गुप्ता राजरानी प्रतिमा साहू इत्यादि महिलाएं साथ साथ थी।



# माई बहिन मान योजना को लेकर महिलाओं के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया

**एसबी ब्यूरो**

**बेगूसराय नगर।** बेगूसराय की पूर्व विधायक और महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमिता भूषण इन दिनों पूरी तरह से सांगठनिक और राजनैतिक गतिविधियों को धार देने में जुटी हैं। एक तरफ जहां शीर्ष नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर माई बहिन मान योजना और हर घर झंडा कार्यक्रम अभियान को गति दिया जा रहा है।

दूसरी तरफ कई प्रकार के संवाद कार्यक्रम भी पंचायत स्तर पर आयोजित की जा रही है। इससे पूर्व संविधान सुरक्षा, किसान न्याय, रोजगार आदि पर संवाद के कार्यक्रम किए जा चुके हैं। अब पुरा फोकस महिला संवाद पर केंद्रित किया जा रहा है।



इस कड़ी में अमिता भूषण ने बेगूसराय सदर प्रखंड के सूजा पंचायत के भर्रा गांव में महिला न्याय संवाद आयोजित किया। जहां सैकड़ों की संख्या में जुटी महिलाओं को भूषण ने कांग्रेस की माई बहिन मान योजना के बारे में जानकारियां देते हुए उनका पंजीयन भी किया। महिलाओं को कांग्रेस शासित राज्यों में चलाई जा रही ऐसी योजनाओं का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वो करती है। इस दौरान महिलाओं ने स्थानीय स्तर पर अपनी समस्याओं को भी साझा किया। मौके पर नंदकिशोर शर्मा, राजीव शर्मा, आर्यन राज, कमल पासवान, राजकुमार, अविनाश कुमार, शांति देवी, दौलत देवी, चंद्रकला देवी, सोनी कुमारी, कंचन कुमारी, शालनी देवी, रंजीता देवी, किरण देवी, लाल बाबु कुमार, विजय शर्मा, पिंटू कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# पक्षी विहार के लिए प्रसिद्ध है बेगूसराय की कावर झील

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/मिन्टू कुमार**

**पटना/बेगूसराय।** बिहार एक ऐतिहासिक राज्य है, जहां अनेकों विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मौजूद हैं। इस राज्य में स्थित विभिन्न धर्मों के धार्मिक स्थल, प्राचीन गुफाएं और ऐतिहासिक जगहें पर्यटन स्थल के रूप में जानी जाती हैं। मगर बिहार राज्य में कई ऐसे पर्यटन स्थल भी हैं,जो सार्वजनिक तौर पर ज्यादा मशहूर नहीं है। लेकिन सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। ऐसे ही कुछ पर्यटन स्थलों में से एक है, बेगूसराय का कावर झील पक्षी अभयारण्य। यह अभयारण्य प्रकृति के सौंदर्य और पक्षी संरक्षण के लिए लोकप्रिय है। अगर आपने भी बिहार घूमने का प्लान बनाया है तो जरूर आएं कावर झील पक्षी अभयारण्य।

**क्यों खास है यह पक्षी अभयारण्यः** कावर या काबर झील पक्षी अभयारण्य बिहार के बेगूसराय जिले में स्थित एक बेहद खूबसूरत और प्रदूषण रहित पर्यटन स्थल है। इस पक्षी अभयारण्य में आकर्षण का मुख्य केंद्र प्रवासी और देशी पक्षी है। इस अभयारण्य का शांत वातावरण आपको रोजमर्रा के व्यस्त जिंदगी से राहत पहुंचाएगा। यह जगह पक्षी प्रेमियों के लिए खास है। यहां आपको कई प्रवासी पक्षी और देशी पक्षी की प्रजाति देखने को मिल जाएगी।

कावर झील पक्षी अभयारण्य एक ऐसी जगह है, जहां आप सुंदर पक्षियों के साथ प्रकृति के मनोरम दृश्य का भी आनंद उठा सकते हैं। यहां मौजूद कावर झील भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह जगह दोस्तों और परिवार के साथ घूमने के लिए शानदार पर्यटन स्थल है। आप यहां नेचर फोटोग्राफी भी कर सकते हैं। इस पर्यटन स्थल में आकर आप रंग-बिरंगे पक्षियों की खूबसूरती और प्रकृति की सुंदरता को अपनी नजरों में कैद कर सकते हैं। कावर झील अभयारण्य बिहार में मौजूद एक खूबसूरत पर्यटन स्थल है।

**कैसे आएं कावर झील पक्षी अभयारण्यः** बेगूसराय में स्थित कावर झील पक्षी अभ्यारण एक प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। यहां आने के लिए आप रेल, सड़क और हवाई मार्ग का उपयोग कर सकते हैं।



**रेल मार्ग**–इस पक्षी अभ्यारण तक आने के लिए सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन बेगूसराय स्टेशन है, जिसकी दूरी कावर झील से मात्र 30 किलोमीटर है।

**वायु मार्ग**–कावर झील पक्षी अभयारण्य का सबसे नजदीकी हवाई अड्डा पटना एयरपोर्ट है। इस एयरपोर्ट से पक्षी अभयारण्य तक की दूरी केवल 160 किलोमीटर है। पटना एयरपोर्ट तक पहुंच कर आप बेगूसराय के लिए बस या कैब लेकर कावर झील पक्षी अभयारण्य तक आ सकते हैं।

**सड़क मार्ग**–पटना को बेगूसराय से जोड़ने वाली सड़क भारत के प्रमुख शहरों से जुड़ी हुई है। इसलिए आप सड़क मार्ग से भी कावर झील पक्षी अभयारण्य तक आ सकते हैं।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में हुए ऐतिहासिक कार्य: सुभाष चंद्र

## ■ संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत निगदू मंडल में हुआ सम्मेलन



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर निगदू मंडल के जाम्बा गांव में एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने सरकार की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में ऐतिहासिक कार्य हुए है। उन्होंने केंद्र सरकार की अब तक की उपलब्धियों को देश के लिए ऐतिहासिक एवं दिशा निर्धारक बताया और कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे सरकार की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं।

वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व तरक्की की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाईं, जिनका लाभ सीधा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के आर्थिक विकास के लिए अच्छी सडकों का होना बहुत जरूरी है। आज मोदी सरकार में राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति सुधरी है और लोगों का आवागमन बढ़ा है जिससे रोजगार और व्यापार में वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के इन 11 वर्षों में विकास की बयार चली है, जिससे भारत के विकसित बनने की राह प्रशस्त हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भारत के पुनर्जागरण का सूत्रधार बताया। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने न सिर्फ विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ, बल्कि आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत केवल शांति की बात करता था, लेकिन अब अगर कोई देश आतंकवाद के जरिए भारत को चुनौती देता है, तो सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे सशक्त जवाब मिलते हैं। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री मोदी की निर्णायक और साहसी नीतियों के कारण संभव हुआ है। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, युवाओं को अवसर, किसानों की समृद्धि और महिलाओं के सम्मान के क्षेत्र में जो कार्य हुए हैं, वे ऐतिहासिक हैं। भारत की वैश्विक छवि और प्रभाव जिस गति से बढ़े हैं, वह अभूतपूर्व है।

इस अवसर पर भाजपा नेता राजेन्द्र दादुपुर, उपाध्यक्ष रजनी परोचा, कर्म सिंह, कर्मवीर शर्मा, राजपाल, पवन शर्मा, शिवेंद्र सेतिया, मलखान, सुनीता तेहरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 15 दिनों में घर तक डाक के माध्यम से पहुंच जाएगा फोटोयुक्त मतदान पहचान पत्र: पंकज अग्रवाल

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**चण्डीगढ़।** हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता तक फोटोयुक्त पहचान पत्र 15 दिनों के अंदर-अंदर पहुंचाने के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। उन्होंने बताया कि मतदाता के नए पंजीकरण, वर्तमान मतदाता के रूप में किसी प्रकार का बदलाव इत्यादि में संशोधन करने उपरांत यह सेवा उपलब्ध होगी। इसके लिए डाक विभाग के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र मतदाता तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस नए सिस्टम के तहत हर स्टेज पर समय की सही ट्रेकिंग होगी और हर स्टेज पर मतदाता को उसके मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। इससे सेवा व वितरण में सुधार होगा और डाटा सुरक्षा भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की मतदाताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में यह एक बड़ी पहल है। उल्लेखनीय है कि पिछले चार महीनों में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेष कुमार के साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु व डॉ. विवेक जोशी ने मतदाताओं व अन्य हितधारकों के लाभ के लिए कई नई पहल की हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि जिला में जिन बूथों पर 1200 से ज्यादा मतदाता होंगे, वहां नए बूथ बनाए जाएंगे और ऐसे बूथों पर नए बीएलओ नियुक्त किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में नए मतदान केंद्रों से संबंधित आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी ईआरओ को कहा कि जो नए बूथ बनाए जा रहे हैं, उन स्थानों का निरीक्षण शुक्रवार तक कर लें, निरीक्षण के दौरान यह चेक करें कि जहां ये बूथ बनाए जा रहे हैं, वहां मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने इस बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि जिन बूथों पर 12 सौ से अधिक मतदाता हैं, वहां मतदाताओं की सुविधा के लिए नए बूथ बनाए जा रहे हैं, उन्होंने यह भी कहा कि बूथ बनने के बाद अगर आपको कोई आपत्ति है या कोई सुझाव देना है तो भी वे आप दे सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला के नीलोखेड़ी-19 (आरक्षित), इंद्री-20, करनाल-21, घरौंडा-22 और असंध-23 विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग बूथों के रेशनेलाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, इस समय नीलोखेड़ी हलके में 230, इंद्री में 220, करनाल में 234, घरौंडा में 250 और असंध में 247 बूथ हैं। उन्होंने बताया कि जिन बूथों पर 1200 से अधिक मतदाता हैं उनके लिए नीलोखेड़ी में 46, इंद्री में 60, करनाल में 123, घरौंडा में 36 और असंध में 33 नए बूथ बनाए जा रहे हैं। रेशनेलाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन बूथों के लिए बीएलओ की नियुक्ति कर दी जाएगी।

इस मौके पर करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, नीलोखेड़ी के एसडीएम अशोक कुमार, घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी, असंध के एसडीएम राहुल, सीटीएम मोनिका के अलावा राजनैतिक दलों से बीजेपी से अशोक कुमार सिरसी, कांग्रेस से जोगिंदर वाल्मीकि व आनंद चौहान, आईएनएलडी से सुरजीत संधु, आप से सोनू कुमार, बीएसपी से राम किशोर सहित चुनाव कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# योग भारत की अमूल्य धरोहर है: डॉ. अमित पुंज

## ■ जिला कारागार में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा के निदेर्शानुसार तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में तथा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की जिला नोडल अधिकारी एवं नगराधीश मोनिका के दिशा निर्देशन में जिला में 11 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने व हरित योग अभियान तथा योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज ने बताया कि बुधवार को आयुष विभाग तथा हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संयुक्त तत्वाधान में जिला कारागार में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास का अयोजन किया गया।

जिला कारागार जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़ की अध्यक्षता में तथा डीएसपी चरण सिंह, डीएसपी शैलाक्षी भारद्वाज व डीएसपी विवेक सांगवान की देखरख में जिला में 31 से 21 जून 2025 तक आयुष विभाग द्वारा विशेष योग शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें 850 कैदियों ने भाग लिया। योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण में हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक नवीन संदूजा, जेपी पसरिचा कमल चोपड़ा, मीनाक्षी मित्तल, कविता चैहान, कविता चैधरी एवं आयुष विभाग से आयुष योग सहायक सोनू गीता एवं कुसुम रानी ने पुरुष व महिला कैदियों को योगाभ्यास करवाया।

इस अवसर पर नवीन संदूजा ने बताया कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। तब से, दुनिया भर में लाखों लोग योग के अभ्यास से एकजुट होकर हर साल इस दिन को मनाते हैं। हम सबको भी मिलकर प्रतिदिन नियमित रूप से योगाभ्यास का प्रण लेना चाहिए क्योंकि योग से ही संपूर्ण स्वास्थ्य प्राप्ति संभव हो सकती है।

# श्रम शक्ति बढ़ानी पड़े या मशीनरी, ड्रेनों व नालों की सफाई कार्य में तेजी लाएं अधिकारी: डीसी प्रीति

## डीसी प्रीति ने किया जनस्वास्थ्य विभाग के नालों व ड्रेनों का निरीक्षण



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि मानसून सीजन बिल्कुल नजदीक आ चुका है, इसलिए चाहे श्रम शक्ति बढ़ानी पड़े या फिर मशीनरी, ड्रेनों व नालों की सफाई कार्य में तेजी लाई जाए, बारिश के मौसम में पानी की निर्बाध निकासी हो सके। सफाई करने के बाद जो गाद व कचरा निकलता है, उसका भी समयबद्ध उठान किया जाए, ताकि यह वापिस नाले व ड्रेन में न जा सके।

डीसी प्रीति ने बुधवार को शहर में जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न नालों, ड्रेनों व डिस्पोजल प्वाइंटस का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कार्य को गंभीरता से लिया जाए। अधिकारी यह मत समझे कि एक बार जिस जगह का निरीक्षण हो चुका है, उसका दोबारा निरीक्षण नहीं होगी। वह कभी भी, किसी भी वक्त, किसी भी विभाग के कार्यों का निरीक्षण कर सकती हैं। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि बारिश के मौसम में कहीं पर जलभराव की स्थिति पैदा न होने पाए। जन साइट पर सफाई कार्य चल रहा है, उन्हें जल्द पूरा किया जाए और जहां पर अभी तक भी कार्य शुरू नहीं हो पाया है, वहां जल्द से जल्द कार्य शुरू किया जाए। डीसी प्रीति ने सबसे पहले पुराना बाइपास स्थित श्मशान घाट के पास बालाजी डिस्पोजल का निरीक्षण किया। वहां का सफाई कार्य सही पाया गया, लेकिन कचरे का उठान सही से नहीं हुआ था। डीसी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस पर नाले व ड्रेन की सफाई की जाए वहां पर गाद व कचरे का उठान जरूर किया जाए। उन्होंने मुख्य डिस्पोजल में जुड़े नालों की साफ-सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद डीसी ने अंबाला रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के नजदीक डिस्पोजल का निरीक्षण किया। जहां आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात सेक्टर 18 के बीचों-बीच स्थित ग्योंग ड्रेन पर पहुंची। सफाई कार्य सही नहीं होने के कारण डीसी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तय समय तक इसकी सफाई की जाए। साथ ही पेड़ों की कटाई-छंटाई भी करवाएं। उन्होंने कहा कि जिस ठेकेदार को कार्य सौंपा गया है, उसे निर्देशित करें कि मशीनों की संख्या बढ़ाए या श्रमिकों की, तय समय पर काम पूरा हो।

डीसी ग्योंग ड्रेन पर सेक्टर 18 के बीच के प्वाइंटस से लेकर जींद रोड बाईपास तक पैदल निरीक्षण करते हुए पहुंचीं। जहां उन्होंने अलग-अलग जगह गाद हटाने से लेकर ड्रेन की सफाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद जींद रोड पर सिविल अस्पताल के नजदीक ट्रंक सीवरेज पर पहुंची। जहां सुपर सकर से बंद हुई लाइन को खोला जा रहा था। यहां डीसी ने सुपर सकर से किए जा रहे कार्य को समझा और अधिकारियों को कहा कि नियमानुसार यह कार्य समय पर पूरा किया जाए। जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता, कार्यकारी अभियंता सहित अन्य अधिकारीगण इस अवसर पर मौजूद रहे।

# राजौंद में हुई हल्की बारिश से धंसी सड़क

## ■ सिवरेज पाइप लाइन दबाने से कच्ची मिट्टी में धंसे वाहन





**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौंद में हुई हल्की बारिश से असंध-कैथल मार्ग पर सड़क धंस गई है। सिवरेज पाइप लाइन दबाने से कच्ची मिट्टी में जगह-जगह वाहन धंसे हुए दिखाई दिए। ठेकेदार द्वारा सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिस कारण से परेशानी बढ़ गई है।

मार्केट यूनियन राजौंद ने प्रशासन व ठेकेदार से अनुरोध किया है कि राजौंद में सिवरेज पाइपलाइन दबाने की साईड से वाहन चालको के लिए सूचनात्मक बोर्ड लगाए जाएं। ताकि वाहन चालको, राहगीरों का जानी माली नुकसान ना हो।

# महिला को यूएस भेजने के नाम पर 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी मामले में आरोपी काबू



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** पंचकूला के एंटी इमीग्रेशन फ्रॉड यूनिट की टीम के द्वारा एक महिला को यूएस भेजने के नाम पर 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पंजाब के जालंधर से गिरफ्तार किया है। एंटी इमीग्रेशन फ्रॉड यूनिट के इंचार्ज तेजेंद्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के कई और शिकायतें भी सामने आई है फिलहाल आरोपी को पंजाब के जालंधर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड के दौरान इसमें शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा और ठगे गए पैसे भी रिकवर किए जाएंगे।

एक महिला को विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में एंटी इमीग्रेशन फ्रॉड यूनिट की टीम के द्वारा एक आरोपी को जालंधर से गिरफ्तार किया है एंटी इमीग्रेशन फ्रॉड यूनिट के इंचार्ज तेजेंद्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्योत्सना गुर्जर के साथ विदेश भेजने के नाम पर 50 लख रुपए की ठगी की गई और कहां गया कि यूएसए भेजेंगे और इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे पंजाब के जालंधर से गिरफ्तार किया गया है पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपों की पहचान राजन गुलाटी के रूप में हुई है और आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जाएगा और इस मामले में ठगे गए पैसे और क्राइम में जो उपकरण इस्तेमाल किए गए उनको भी रिकवर किया जाएगा उन्होंने बताया कि इस आरोपी के खिलाफ दो शिकायतें और हमें मिली है और उनकी जांच की जा रही है उन्होंने बताया कि इस मामले में आरोपी और उसकी पत्नी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था और अभी फिलहाल एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया और आरोपी के खिलाफ पहले कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है और रिमांड के दौरान पूछताछ में और खुलासे होने की उम्मीद है पुलिस ने बताया कि आरोपी चंडीगढ़ का रहने वाला था और मामला दर्ज होने के बाद फरार हो गया था जिसे पंजाब के जालंधर से गिरफ्तार किया गया है उन्होंने बताया कि जिस कंपनी के माध्यम से उसे भेजना था उसकी डायरेक्टर आरोपी की पत्नी शाहिस्ता गुलाटी वह फरार है और उसे भी गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# डीसी कैथल प्रीति ने किया नेक काम



## ■ डीसी ने गांव हरिपुरा की महिला को दिया श्रवण यंत्र

**संजना भारती संवाददाता**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने हरिपुरा गांव के महिला प्रवीण को श्रवण यंत्र यानि कान की मशीन उपलब्ध करवाई। बुधवार को वह अपने पति के साथ डीसी कार्यालय में आई और अपनी परेशानी को डीसी के समक्ष रखा। उसने बताया कि उसके कानों में दिक्कत हो गई है और जिसकी वजह से उसे सुनाई नहीं देता।

डॉक्टरों ने मशीन लगाने की सलाह दी है, लेकिन आर्थिक स्थित ठीक न होने के कारण वह कान की मशीन खरीदने में असमर्थ है। डीसी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल को अपने कार्यालय में बुलाया और प्रार्थी को मौके पर ही श्रवण यंत्र उपलब्ध करवाया।

कान की मशीन पाकर महिला ने डीसी प्रीति का धन्यवाद व्यक्त किया।

# नशा तस्करों पर कैथल पुलिस का शिकंजा



एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर। (छाया: एसबी)

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** आमजन को नशा के दुष्परिणामों बारे जागरूक करने के साथ साथ एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार नशा तस्करों पर कैथल पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए बस स्टैंड कैथल से एक नशा तस्कर को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 863 ग्राम चरस/सुल्फा बरामद हुआ।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एस.आई. प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम सुबह के समय गश्त दौरान बस अड्डा कैथल के पास मौजूद थी। सहयोगी सूत्रों से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली की इंद्रा कॉलोनी पूंडरी निवासी विनोद कहीं बाहर गया हुआ है, जो अपने साथ नशीला पदार्थ सुल्फा लेकर आने वाला है। जिस बस स्टैंड कैथल से सुल्फा सहित काबू किया जा सकता है।

सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा तत्पर कार्रवाई करते हुए व मुस्तैदी का परिचय देते हुए बस स्टैंड के गेट के पास निगरानी शुरू की गई। जहां कुछ समय बस स्टैंड के अंदर से गेट की साइड आए संदिग्ध विनोद उपरोक्त को पुलिस टीम द्वारा काबू कर लिया गया। पुलिस सुचना उपरांत मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार राजौन्द सुरेश कुमार के समक्ष नियमानुसार जांच व तलाशी दौरान के आरोपी के कब्जे में पिठु बैग के अंदर रखे थैले से 863 ग्राम चरस/सुल्फा बरामद हुआ।

आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज करके आरोपी को मौके पर पहुंचे एसआई पारस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी वीरवार को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही है।

# 'कुर्की की कार्रवाई रहेगी जारी, डिफाल्टर संस्थान जल्द जमा करवाएं सम्पत्ति कर'

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** नगर निगम की सम्पत्ति कर डिफाल्टरों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के बाद अब बकायादारा अपना सम्पत्ति कर भरने में रूचि दिखा रहे हैं। इसके तहत मंगलवार को अटैचमेंट की गई 2 प्रॉपर्टी मालिकों ने 7 लाख 66 हजार रुपये बकाया सम्पत्ति कर नगर निगम में जमा करवा दिया है, जबकि एक अन्य बकायादारा द्वारा भी कार्रवाई से पहले सम्पत्ति कर जमा करवाया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि सम्पत्तियों की कुर्की करने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा बकाया राशि वसूल करने के लिए की जाती है। अगर सम्पत्ति धारक प्रत्येक वित्त वर्ष में समय से अपना सम्पत्ति कर जमा करवाते रहें, तो इस तरह की कार्रवाई की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने स्पष्टद्द किया कि अगर सम्पत्ति मालिक प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने में रूचि नहीं लेंगे, तो उन पर कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी।

इन बकायादारों ने भरा सम्पत्ति कर- उन्होंने बताया कि अस्पताल चौक स्थित बीकानेर भोजनालय द्वारा 3 लाख 88 हजार रुपये तथा सेक्टर-7 स्थित एस.सी.ओ. मालिक द्वारा 3 लाख 78 हजार रुपये बकाया कर का भुगतान कर दिया गया है। इन दोनों की सील खोल दी गई है। अब इन सम्पत्तियों पर नीलामी की कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त नेशनल हाईवे-44 स्थित म्यूर ढाबा के पास इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प मालिक द्वारा भी कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए 1 लाख 54 हजार रुपये सम्पत्ति कर का भुगतान किया गया है। तीनो बकायादारों द्वारा कुल 9 लाख 20 हजार रुपये सम्पत्ति कर का भुगतान किया गया है। निगमायुक्त ने बताया कि डिफाल्टर सम्पत्ति धारकों को नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अब कार्रवाई की बारी है। उन्होंने बताया कि कुर्की की अगली कार्रवाई में निजी स्कूल, कोचिंग सेंटर व अस्पताल इत्यादि वाणिज्यिक संस्थानों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी डिफाल्टर संस्थानों के पास कुछ समय है। यह जल्द ही सम्पत्ति कर का भुगतान कर कुर्की की कार्रवाई से बच सकते हैं।